**Series JSR/1**

**Set 3**

कोड नं.
Code No. **32/1/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा - II
## SUMMATIVE ASSESSMENT - II
# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 90*

[P.T.O.

*सामान्य निर्देश:*

*(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल* ***30*** *प्रश्न हैं। सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***8*** *अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है।*

*(iv) प्रश्न संख्या* ***9*** *से* ***20*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(v) प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***28*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(vi) प्रश्न संख्या* ***29*** *और* ***30*** *इतिहास और भूगोल के मानचित्र वाले प्रश्न प्रत्येक* ***3*** *अंक के हैं। इन्हें पूरा करने के बाद, मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका के अंदर नत्थी कर दीजिए।*

**General Instructions :**

*(i) The question paper has* ***30*** *questions in all. All questions are* ***compulsory****.*

*(ii) Marks are indicated against each question.*

*(iii) Questions from serial number* ***1*** *to* ***8*** *are very short answer questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv) Questions from serial number* ***9*** *to* ***20*** *are* ***3*** *marks questions. Answer of these questions should not exceed* ***80*** *words each.*

*(v) Questions from serial number* ***21*** *to* ***28*** *are* ***5*** *marks questions. Answer of these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(vi) Question number* ***29*** *and* ***30*** *are map questions of* ***3*** *marks each from History and Geography both. After completion, attach the maps inside your answer-book.*

**1.** 1815 के बाद के वर्षों में यूरोप के क्रान्तिकारियों का मुख्य उद्देश्य क्या था ? 1

**अथवा**

वियतनाम में औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के दो आधार कौन से थे ? ½+½=1

What was the main aim of revolutionaries of Europe during the years following 1815?

**Or**

What were the two bases of colonial economy in Vietnam?

**2.** अवसादी शैलों में खनिज किस प्रकार पाये जाते हैं ? 1

How do minerals occur in sedimentary rocks?

**3.** बोलिविया में पानी के निजीकरण के खिलाफ़ आंदोलन की अगुवाई किस संगठन ने की थी ? 1

Which organisation led the protest against water privatisation in Bolivia?

**4.** निवेश और विदेशी निवेश में अन्तर कीजिए। 1

Differentiate between investment and foreign investment.

**5.** कल्पना कीजिए कि आपको अपनी यात्रा के दौरान पीने के लिए पानी की पैक बोतल खरीदनी पड़ी है। इसकी गुणवत्ता के प्रति आश्वस्त होने के लिए आप कौन सा शब्द चिह्न (लोगो) देखना चाहोगे ? 1

Suppose you have to buy a packed bottle for drinking water in your journey. Which logo will you like to see to be sure about its quality?

6. किसी खास मुद्दे पर केन्द्रित आंदोलन किस प्रकार सार्वभौम प्रकृति के आंदोलनों से भिन्न हैं ? 1

How are issue specific movements different from generic movements?

7. किसी एक राजनीतिक दल का नाम लिखिए जिसका राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक संगठन है, परन्तु उसे राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में मान्यता नहीं मिली है। 1

Name any one political party that has national level political organisation but not recognised as the national political party.

8. केवल ब्याज के संदर्भ में औपचारिक क्षेत्रक ऋणों की तुलना अनौपचारिक क्षेत्रक ऋणों से कीजिए। 1

Compare formal sector loans with informal sector of loans regarding interest only.

9. ''वस्त्र उद्योग देश का एकमात्र उद्योग है जो कच्चे माल से उच्चतम अतिरिक्त मूल्य उत्पाद तक की शृंखला में परिपूर्ण तथा आत्मनिर्भर है।'' इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। 3

"Textile industry is the only industry in the country which is self-reliant and complete in the value chain." Justify the statement.

10. 'राष्ट्रीय राजनीतिक दल' से क्या अभिप्राय है ? राष्ट्रीय राजनीतिक दल बनने के लिए आवश्यक शर्तों का उल्लेख कीजिए। 1+2=3

What is meant by a 'national political party'? State the conditions required to be a national political party.

**11.** वर्ग विशेषी समूह किन्हें कहते हैं ? उनकी कार्य-विधि का वर्णन कीजिए। 1+2=3

What are the sectional interest groups. Describe their functioning.

**12.** ''अनौपचारिक क्षेत्रक की साख की गतिविधियों को हतोत्साहित करना चाहिए।'' तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3×1=3

"The credit activities of the informal sector should be discouraged." Support the statement with arguments.

**13.** ''सक्षम परिवहन के साधन तीव्र विकास हेतु पूर्व-अपेक्षित हैं।'' इस कथन के पक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए। 3

"Efficient means of transport are pre-requisites for the fast development." Express your views in favour of this statement.

**14.** यूरोप में उन्नीसवीं सदी के दौरान नारी की छवि किस प्रकार राष्ट्र का रूपक बनी। विश्लेषण कीजिए। 3

**अथवा**

फ्रान्सीसियों के विरुद्ध लड़ने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा किए गए प्रयासों से वियतनाम में राष्ट्रवाद किस प्रकार उभरा ? विश्लेषण कीजिए।

How had the female figures become an allegory of the nation during nineteenth century in Europe? Analyse.

**Or**

How did nationalism emerge in Vietnam through the efforts of different sections of society to fight against the French? Analyse.

**15.** 1921 तक किसने 'स्वराज का झण्डा' तैयार कर लिया था ? स्वराज के इस झण्डे की मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 1+2 =3

Who had designed the 'swaraj flag' by 1921? Explain the main features of this 'swaraj flag.'

**16.** "सविनय अवज्ञा आन्दोलन असहयोग आंदोलन से भिन्न था।" कथन की पुष्टि उदाहरणों सहित कीजिए। 3×1=3

"The Civil Disobedience Movement was different from the Non-Cooperation Movement." Support the statement with examples.

**17.** "लगभग प्रत्येक प्रांतीय दल एक या दूसरे राष्ट्रीय स्तर के गठबंधन का हिस्सा बनने का अवसर चाहता है।" तर्कों सहित कथन की पुष्टि कीजिए। 3×1=3

"Nearly every one of the state parties wants to get an opportunity to be a part of one or the other national level coalition." Support the statement with arguments.

**18.** "बाजार में शोषण से बचने के लिए उपभोक्ता जागरूकता अत्यावश्यक है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

"Consumer awareness is essential to avoid exploitation in the market place." Support the statement.

**19.** "वैश्वीकरण और उत्पादकों के बीच वृहतर प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है।" इस कथन को न्यायोचित ठहराइये। 3×1=3

"Globalisation and greater competition among producers has been of advantage to consumers." Justify the statement with examples.

**20.** उद्योगों को पूँजी निवेश के आधार पर वर्गीकृत कीजिए। वे किस प्रकार एक-दूसरे से भिन्न हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 1+2 =3

Classify industries on the basis of capital investment. How are they different from one another? Explain with examples.

**21.** ऋण की महत्त्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका का उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए। 5

Describe the vital and positive role of credit with examples.

**22.** भारत में बहुत सारी सांस्कृतिक प्रक्रियाओं ने राष्ट्रवाद को साकार करने में किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 5×1=5

How did a variety of cultural processes play an important role in making of nationalism in India? Explain with examples.

**23.** व्यापार क्या है ? अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। 1+4=5

What is trade? Explain the importance of international trade.

**24.** वैश्वीकरण किसे कहते हैं ? वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रोन्नत करने में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका का वर्णन कीजिए। 1+4=5

What is globalisation? Describe the role of Multinational Corporations (MNCs) in promoting globalisation process.

**25.** ''लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था अन्य शासन व्यवस्था से बेहतर है।'' तर्कों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 5×1=5

"Democracy is a better form of government than any other form of government." Analyse the statement with arguments.

**26.** ''किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योगों के विकास से मापी जाती है।'' तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। 5

"The economic strength of a country is measured by the development of manufacturing industries." Support the statement with arguments.

**27.** ''दबाव समूह और आंदोलन राजनीति पर विभिन्न प्रकार से प्रभाव डालते हैं।'' इस कथन की उपयुक्त उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 5×1=5

"Pressure groups and movements exert influence on politics in different ways." Support the statement with suitable examples.

**28.** फ्रान्सीसी लोगों के बीच सामूहिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए फ्रान्सीसी क्रान्तिकारियों द्वारा प्रारम्भ किए गए उपायों और कार्यों का विश्लेषण कीजिए। 5×1=5

**अथवा**

''वियतनाम में अमेरिका के युद्ध में कूद पड़ने से एक नया दौर प्रारम्भ हुआ जो वियतनामियों के साथ-साथ अमरीकियों के लिए बहुत महँगा साबित हुआ।'' इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the measures and practices introduced by the French revolutionaries to create a sense of collective identity amongst the French people.

**Or**

"U.S. entry into the war in Vietnam marked a new phase that proved costly to Vietnamese as well as to the Americans." Analyse the statement.

**29.** तीन लक्षण A, B और C, **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : $3 \times 1 = 3$

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

B. वह स्थान जो किसानों के सत्याग्रह से जुड़ा हुआ है।

C. वह नगर जो जलियाँवाला बाग घटना से संबंधित है।

Three features A, B and C are marked on the given political outline map of **India**. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map.

A. The place where the Indian National Congress Session was held.

B. The place associated with peasant's satyagraha.

C. The city associated with the Jallianwala Bagh incident.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है :

(29.1) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(29.2) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ नील की खेती करने वालों ने सत्याग्रह किया था।

(29.3) जलियाँवाला बाग की घटना से संबंधित शहर का नाम लिखिए।

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 29 :

(29.1) Name the place where the Indian National Congress Session was held in 1927.

(29.2) Name the state where the Indigo planters organised satyagraha.

(29.3) Name the city related to the Jallianwala Bagh incident.

**30.** भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : 3×1=3

A . अंकलेश्वर – तेल-क्षेत्र

B . दुर्गापुर – लोहा व इस्पात संयंत्र

B . तूतीकोरिन – प्रमुख समुद्री पत्तन

On the given political outline map of India locate and label the following with appropriate symbols :

A. Ankleshwar – Oil field

B. Durgapur – Iron and steel plant

C. Tuticorin – Major seaport

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :

(30.1) अंकलेश्वर तेल क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.2) दुर्गापुर लोहा व इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.3) भारत के दक्षिणतम समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

**Note:** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 30 :

(30.1) In which state is Ankleshwar oil field located?

(30.2) In which state is Durgapur iron and steel plant located?

(30.3) Name the southern most major seaport of India.